ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2023

# GRADE 8

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

Total Questions: 40

Time: 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम, कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **नीले/काले बॉलपेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 40 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खंड (क)

**निर्देश : इस खंड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. 'नि: + कपट' की संधि से बना कौन-सा शब्द सही है?
   (A) निर्कपट (B) निष्कपट
   (C) निश्कपट (D) निस्कपट
2. 'अंस - अंश' के लिए समानार्थी युग्म कौन-सा है?
   (A) कंधा - चंद्रमा (B) कंघा - हिस्सा
   (C) कंधा - हिस्सा (D) टुकड़ा - भाग
3. 'मशीन चल रही थी। मशीन अचानक रुक गई।' दोनों सरल वाक्यों के संश्लेषण से बना सरल वाक्य है–
   (A) मशीन चली और फिर रुक गई। (B) जो मशीन चल रही थी वह अचानक रुक गई।
   (C) चलती हुई मशीन अचानक रुक गई। (D) जैसे ही मशीन चली, वैसे ही रुक गई।
4. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा, भाषा न होकर बोली है?
   (A) गुजराती भाषा (B) ब्रज भाषा
   (C) हिंदी भाषा (D) पंजाबी भाषा
5. किस वाक्य का रेखांकित पद समुच्चयबोधक अव्यय नहीं है?
   (A) मोहन, सोहन तथा मीरा बाज़ार जा रहे हैं। (B) वे आएँगे पर खाना नहीं खाएँगे।
   (C) मेरे कमरे के बाहर कोई खड़ा है। (D) तुम चलोगी या यहीं रुकोगी।
6. 'अरे! वह चली गई।' वाक्य में 'अरे' पद के बाद लगे विराम-चिह्न का नाम क्या है?
   (A) अल्प विराम (B) अर्ध विराम
   (C) विस्मयवाचक चिह्न (D) विवरण चिह्न
7. निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण समय की उपयोगिता सिद्ध नहीं करता?
   (A) का बरसा जब कृषिहि सुखाने।
   (B) रोगी को समय पर दी गई दवा से वह स्वस्थ हो सकता है।
   (C) समय निकल जाने पर रोगी को दी गई अच्छी-से-अच्छी औषधि भी निरर्थक हो जाती है।
   (D) समय रहते पढ़ाई-लिखाई न करने पर भी अच्छे अंकों से परीक्षा पास की जा सकती है।
8. 'हल् चिह्न' के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?
   (A) 'हल् चिह्न' का प्रयोग व्यंजन को स्वर रहित दिखाने के लिए होता है।
   (B) 'हल् चिह्न' हमेशा व्यंजन वर्ण के नीचे लगाया जाता है।
   (C) 'हल् चिह्न' का प्रयोग केवल शब्द के अंत में ही होता है।
   (D) संयुक्त व्यंजन में यदि पहला व्यंजन खड़ी पाई रहित (गोलाकार) है, तो उसके नीचे हलंत लगाया जाता है।
9. किस वाक्य में प्रशंसासूचक विस्मयादिबोधक अव्यय का प्रयोग हुआ है?
   (A) ओह! कितना सुंदर कमरा है। (B) अरे! तुम तो बहुत बहादुर हो।
   (C) वाह! क्या बढ़िया खीर बनाई है। (D) हाय! मैं मर गई।
10. किस सर्वनाम का प्रयोग घनिष्ठता होने पर ही होता है?
    (A) आप (B) तुम
    (C) वे (D) तू

11. 'लता' शब्द निम्नलिखित में से किस वर्ग का है?
    (A) पुंलिंग एकवचन
    (B) पुंलिंग बहुवचन
    (C) स्त्रीलिंग एकवचन
    (D) स्त्रीलिंग बहुवचन
12. 'तुम अपनी बहन से मेरे मित्रों को खाना खिला दो।' वाक्य का शुद्ध रूप है–
    (A) तुम अपनी बहन से कहो कि वह मेरे मित्रों को खाना खिला दे।
    (B) अपनी बहन के माध्यम से मेरे मित्रों को खाना खिला दो।
    (C) तुम अपनी बहन से मेरे मित्रों को खाना खिलवा दो।
    (D) तुम अपनी बहन को मेरे मित्रों को खाना खिलवा दो।
13. 'अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना' मुहावरे का सही अर्थ है–
    (A) अपने पैरों को घायल कर लेना
    (B) अपना नुकसान स्वयं कर लेना
    (C) अपने मित्रों का नुकसान करना
    (D) अपने पैरों को मज़बूत बनाना
14. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली नैनीताल-अल्मोड़ा क्षेत्र में बोली जाती है?
    (A) अवधी
    (B) बघेली
    (C) कुमाऊँनी
    (D) छत्तीसगढ़ी
15. 'य्/व्' व्यंजन किस वर्ग के सदस्य हैं?
    (A) स्पर्शी व्यंजन
    (B) संघर्षी व्यंजन
    (C) स्वर
    (D) अर्धस्वर
16. 'चूड़ियाँ पहनना' मुहावरे का प्रयोग किस वाक्य में उचित रूप में हुआ है?
    (A) लड़कियाँ चूड़ियाँ पहनकर इतरा रहीं थीं।
    (B) शादी में वधू के लिए चूड़ियाँ पहनना ज़रूरी है।
    (C) यदि वीर पुरुष भी अपने देश की रक्षा नहीं कर सकते तो उन्हें चूड़ियाँ पहन लेनी चाहिए।
    (D) अगर तुम चाहते हो कि सभी लोग तुमसे डरें तो चूड़ियाँ पहन लो।
17. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन ऐसा है जो संस्कृत में नहीं था?
    (A) फ्
    (B) ब्
    (C) द्
    (D) फ़्
18. किस शब्द का स्त्रीलिंग रूप ग़लत है?
    (A) हाथी – हथिनी
    (B) पाठक – पाठकी
    (C) श्रीमान – श्रीमती
    (D) सुत – सुता
19. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य विशेषण नहीं करते?
    (A) विशेषण संज्ञा की विशेषता बताते हैं।
    (B) विशेषण सर्वनामों की विशेषता भी बताते हैं।
    (C) विशेषण विशेषणों की विशेषता भी बताते हैं।
    (D) विशेषण क्रिया की विशेषता बताते हैं।
20. निम्नलिखित में किस शब्द में 'ओ/औ' के स्थान पर आगत स्वर 'ऑ' का प्रयोग होना चाहिए।
    (A) कौन
    (B) सोना
    (C) कौफ़ी
    (D) मौसी
21. कौन-सा शब्द '-दार' प्रत्यय से नहीं बना है?
    (A) सरदार
    (B) दुकानदार
    (C) ईमानदार
    (D) लेनदार

22. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ऐसा है जिसका प्रयोग हमेशा एकवचन में ही होता है?
(A) केश
(B) प्राण
(C) क्षमा
(D) दर्शन

23. 'मनोविज्ञान' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद कौन-सा है?
(A) म् + अ + न् + ओ + व् + इ + ग् + य् + आ + न् + अ
(B) म् + अ + न् + ओ + व् + इ + ज् + य् + आ + न् + अ
(C) म् + अ + न् + ओ + व् + इ + ज् + ञ् + आ + न् + अ
(D) म् + अ + न् + ओ + व् + ई + ज् + ञ् + आ + न् + अ

24. किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है?
(A) मेरी फैक्ट्री में पच्चीस नौकर काम करते हैं।
(B) दंगों में बहुत लोग मारे गए।
(C) वह पाँच किलो चावल लाई थी।
(D) तुम्हें कुछ दिन इंतज़ार करना पड़ेगा।

25. जब सर्वनाम शब्द किसी अन्य संज्ञा की विशेषता बताने लगता है, तब उसे क्या कहते हैं?
(A) गुणवाचक विशेषण
(B) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(C) नामिक विशेषण
(D) सार्वनामिक विशेषण

26. निम्नलिखित में नासिक्य स्वर कौन-से हैं?
(A) अनुस्वार
(B) अनुनासिक
(C) ण्
(D) म्

27. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सरल वाक्य नहीं है?
(A) जनता को धोखा देने वाले नेताओं की आज देश में भरमार है।
(B) जो गरजते हैं, वे बरसते नहीं।
(C) सुंदर वस्त्र और आभूषण पहनने वाली महिलाएँ ही उस कार्यक्रम में भाग ले सकती थीं।
(D) मज़दूरी करके गुज़ारा करने वाले लोगों की ज़िंदगी में ख़ुशियाँ कभी-कभी आती हैं।

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

प्रत्येक कार्य का एक अपना समय होता है। समय निकल जाने के बाद कार्य की न तो कोई शोभा रह जाती है और न उसकी उपयोगिता। एक बार फसल सूख जाने पर फिर चाहे कितनी ही वर्षा क्यों न हो, उसे हरी-भरी बनाए रखना कठिन होता है। समय पर रोगी को मामूली उपचार स्वस्थ बना सकता है, किंतु उचित समय गंवा देने के बाद अच्छी-से-अच्छी औषधि भी निरर्थक ही सिद्ध होती है।

28. किसके निकल जाने के बाद कार्य की शोभा और उपयोगिता समाप्त हो जाती है?
(A) धन
(B) उत्साह
(C) समय
(D) मनोरंजन

29. 'प्रत्येक कार्य का एक अपना समय होता है।' कथन का क्या तात्पर्य है?
(A) प्रकृति में हर कार्य अपने निर्धारित समय पर ही होता है।
(B) मनुष्य को भी हर कार्य समय से ही करना चाहिए।
(C) समय पर किया गया कार्य अनुपयोगी तथा अशोभनीय हो जाता है।
(D) तीनों उत्तर सही।

30. रोगी का सही विलोम शब्द है-
(A) लाचार
(B) हृष्टपुष्ट
(C) विकलांग
(D) निरोग

## खंड ( ख )

**निर्देश : इस खंड में 20 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।**

31. किन दो शब्दों के विलोम ग़लत हैं?
    (A) उदय - अस्त
    (B) अपेक्षा - उपेक्षा
    (C) ईश्वर - नास्तिक
    (D) उत्कर्ष - विकर्ष

32. किन दो शब्दों की रचना उपसर्ग तथा प्रत्यय दोनों के योग से हुई है?
    (A) आमरण
    (B) बेईमानी
    (C) पराधीनता
    (D) कोमलता

33. निम्नलिखित शब्दों में से किन दो शब्दों में 'ऑ' स्वर नहीं आना चाहिए?
    (A) कॉफ़ी
    (B) डॉक्टर
    (C) मॉ
    (D) मॉन

34. दिवाली से दो दिन पहले कौन-से दो त्योहार आते हैं?
    (A) नरक चतुर्दशी
    (B) भाई दूज
    (C) धनतेरस
    (D) गोवर्धन पूजा

35. कौन-से दो शब्द द्वंद्व समास के उदाहरण नहीं हैं?
    (A) त्रिशूल
    (B) पति-पत्नी
    (C) दिन-रात
    (D) कमलनयन

36. निम्नलिखित में से कौन-से दो शब्द 'परा' उपसर्ग से नहीं बने हैं?
    (A) परात
    (B) पराजय
    (C) पराधीन
    (D) पराग

37. किन दो कवियों के नाम ग़लत लिखे हुए हैं?
    (A) मलिक मुहम्मद जायसी
    (B) मित्रानंदन पंत
    (C) हरवंश लाल बच्चन
    (D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

38. कौन-से दो नाम गंगा नदी के हैं?
    (A) भागीरथी
    (B) ब्रह्मपुत्र
    (C) हुबली
    (D) सरयू

39. कौन-से दो शब्द अव्ययीभाव समास के उदाहरण नहीं हैं?
    (A) भरपूर
    (B) रसोईघर
    (C) प्रतिवर्ष
    (D) पतझड़

40. किन दो शब्दों का स्त्रीलिंग रूप ग़लत है?
    (A) नायक → नायिका
    (B) स्वामी → स्वामिनी
    (C) गुणवान → गुणवानी
    (D) पूज्य → पूज्यनीय

GRADE
8

हिंदी